...को हराया

...न ने खिलाड़ियो से ...कर किया। अंपायर ...तव,अनुप पान्डेय, ...श व स्कोरर दुर्गेश ...वसर पर आयोजक ...म तिवारी, जितेन्द्र ...न्डेय, सुशील मिश्र ... विशाल सिंह, देवेश ...सिंह, शिवेन्द्र सिंह, ...आदि लोग मौजूद थे।

मोहल्ला बाडूजई में सफाई एवं जलापूर्ति के सम्बंध में आकस्मिक निरीक्षण हुआ

- जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त तथा भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक एवं मुख्य प्रबन्धक द्वारा कैंप लगाकर ऋ ण वितरण किया गया

रीडर्स मैसेंजर नेटवर्क

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मो0 बाडूजई प्रथम में पक्का तालाब व आस-पास की गलियों में सफाई व्यवस्था,पेयजल एवं प्रकाष व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मोहल्ला बाडूजई में पक्का तालाब एवं आस-पास की गलियों से सफाई कर्मचारी डोर-टू-डोर कूडा एकत्र कर रहा था। इसके अतिरिक्त सफाई कर्मचारी श्री अरून कुमार, रवि, राजेश, मुकेश, बृज मोहन, रंगीला आदि कार्य करते हुये पाये गये। नियमित कर्मचारियो की पूरी उपस्थिति नही थी। पक्का तालाब के पास गलियों में सफाई नहीं की गयी थी। नालियों में पॉलिथीन आदि कूड़ा पड़ा था जिससे जल निकासी में अवरोध उत्पन्न हो रहा था। पक्का तालाब पर ट्रान्सफार्मर के पास कूड़े एकत्र था। जिसको देख नगर आयुक्त महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को तत्काल रुप से सफाई कराये जाने के निर्देश दिये गये। सफाई नायक को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा पक्का तालाब पर कूड़ा बीनने वाले परिवारों से मिल कर उनकी समस्याओं के सम्बंध में जानकारी ली गयी। परिवारों की कुछ महिलायें कार्य कर रही थीं। नगर आयुक्त महोदय द्वारा कूड़ा बीनने वाले व्यक्तियो को पहचान पत्र देने तथा इनके कार्य हेतु टीनशेड डलवाये जाने के लिये सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देष किया गया। स्थानीय जनता द्वारा पक्का तालाब से अतिक्रमण हटाने तथा उसका सौन्दर्यीकरण करा कर पुनरूद्धार कराने का अनुरोध किया गया। इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त महोदय द्वारा उपजिलाधिकारी,सदर से समन्वयक स्थापित करते हुये तालाब की भूमि को चिन्हित कराने का निर्देष दिया गया। निरीक्षण के दौरान श्री काषिफद्वारा सफाई एवं मार्ग प्रकाष की शिकायत करते हुये अवगत कराया गया कि गलियों में सफाई का कार्य निरन्तर नहीं हो रहा है। गलियों में लगी लाईटें नहीं जल रही है। कार्यालय में शिकायत करने पर भी लाईटों को ठीक नहीं कराया जा रहा है। जिसको नगर आयुक्त महोदय द्वारा गम्भीरता से लेतु हुये तत्काल रुप से कार्यो को कराये जाने हेतु संबधित को निर्देषित किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय संतोश कुमार षर्मा के साथ उप नगर आयुक्त आषुतोश कुमार दुबे,क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंष कुमार दीक्षित,क्षेत्रीय सफाई नायक श्री राज कुमार एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित किये जाने के लिये भारतीय स्टेट बैंक द्वारा टाउनहाल मुख्य ,षाखा में कैम्प लगाया गया। कैम्प काफी संख्या में पथ विक्रेताओ द्वारा उपस्थित होकर अपने अभिलेखो का सत्यापन कराया गया। कैम्प के माध्यम से आज कुल 25 पथ विक्रेताओ के खाते में ऋण धनराषि अंतारित करायी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा ऋण वितरण किया गया।